**भारत सरकार**

**इस्पात मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1672**

**13 दिसंबर, 2021 को उत्तर के लिए**

## इस्पात परियोजनाओं को पर्यावरणीय मंजूरी

**1672. श्री के. आर.एन. राजेश कुमार:**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में कितनी इस्पात परियोजनाएं पर्यावरणीय मंजूरी के लिए प्रतीक्षारत है;

(ख) इस्पात क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिए विशेष प्रयोजन माध्यमों और विशेष खनन क्षेत्रों की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा उक्त परियोजनाओं के लिए त्वरित पर्यावरणीय मंजूरी के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**इस्पात मंत्री** **(श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह)**

(क) से (ग): वर्तमान में, देश में 49 इस्पात परियोजनाओं के संबंध में पर्यावरण मंजूरी हेतु कार्रवाई की जा रही है [पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय स्तर पर-8; राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (एसईआईएए) के साथ राज्य स्तर पर-41]। पर्यावरण मंजूरी (ईसी) प्रक्रिया में तेजी लाने के उद्देश्य से, सरकार द्वारा अनेक कदम उठाए गए हैं, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:-

(i) सरकार ने मंजूरी की समस्त प्रक्रिया को स्वचालित बनाने के प्रयास में दिनांक 10/08/2018 को एक सिंगल विंडो ऑनलाइन **परिवेश** (परस्पर संवादात्मक वर्चुअस और पर्यावरण सिंगल विंडो हब द्वारा सक्रिय और उत्तरदायी सुविधा) पोर्टल शुरू किया है।

(ii) परियोजनाओं के मूल्यांकन के लिए विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (ईएसी) की बैठकें अब महीने में दो बार आयोजित की जाती हैं।

(iii) मंत्रालय ने नीतिगत और प्रौद्योगिकीय कार्यकलापों के माध्यम से कई अन्य पहलें भी की हैं, ताकि पर्यावरणीय सरोकारों की सख्ती से समझौता किए बगैर पर्यावरण मंजूरी की पारदर्शी और सरलीकृत प्रक्रिया सुनिश्चित हो सके।

****